दिनांक 24 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर, मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में बालिकाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य जांच के साथ ही बालिकाओं का किया गया सम्मान

- बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी की अभिनव पहल

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट और एक दाई-दीदी क्लीनिक के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज किया जा रहा है और इलाज के उपरांत आवश्यकता अनुसार दवाई मुफ्त में दी जा रही है! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के अभिनव पहल पर आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर तीन स्थानों पर लगे स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से आम लोगों के अलावा विशेष रूप से बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए उनका हिमोग्लोबिन जांच किया गया साथ ही इनका वजन भी किया गया! कई बालिकाओं ने पहली बार अपना हिमोग्लोबिन जांच कराया! हिमोग्लोबिन एवं वजन जांच के बाद इन्हें जांच से संबंधित प्रमाण पत्र भी शिविर स्थल पर दिया गया! बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए आंगनबाड़ी एवं मितानिन के सहयोग से बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया गया! जिसके परिणाम स्वरूप तीन स्थानों पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 52 बालिकाओं ने अपना हीमोग्लोबिन जांच एवं वजन कराया! राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं का सम्मान करते हुए कलम और ताजे फल का वितरण भी किया गया! इस दौरान बालिकाओं को स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर त्रिशा सिंह ने बालिका दिवस के महत्व के बारे में बताया ,

जनसंपर्क अधिकारी